हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 27 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर चिंता प्रकट की है। आज सुबह आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा:-

बाइट—डिजिटल अरेस्ट-1

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत को भी सुनाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। श्री मोदी ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसिया कभी भी फोन या वीडियो के जरिये पूछताछ नहीं करतीं। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों **रुको, सोचो और करो** की चर्चा की। उन्होंने ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को शांत रहने और अपनी व्यक्तिगत सूचना किसी से भी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संभव होने पर ऐसे क्षण का स्क्रीनशॉट लेना चाहिए और बातचीत को रिकार्ड करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोगों को ऐसे मामलों में सलाह के लिए साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 डायल करने और वेबसाइट साइबर क्राइम डोट जीओवी डॉट इन पर जानकारी देने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी एजेंसियों के बीच तालमेल के लिए राष्ट्रीय साइबर समन्वय केंद्र स्थापित किया गया है। इन एजेंसियों ने वीडियो कॉल करने वाले हजारों फर्जी आई.डी, लाखों सिमकार्ड, मोबाइल फोन और बैंक खातों को ब्लॉक किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है।

बाइट–एनिमेशन -2

श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि छोटा भीम, ठोलक पुर का ठोल, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू के प्रशंसक दुनिया भर में मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में गेमिंग की दुनिया का लगातार विस्तार हो रहा है और भारतीय खेल दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब एनिमेशन एक ऐसा उद्योग बन गया है जो अन्य उद्योगों को भी ताकत दे रहा है। श्री मोदी ने युवाओं से अपनी सृजनात्मकता को विस्तार देने की अपील की।

बाइट–एनिमेशन डे -3

प्रधानमंत्री ने मन की बात में आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र भी किया। उन्होंने अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा:-

बाइट –आत्मनिर्भर भारत -4

उन्होंने कहा कि पहले, भारत रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा खरीददार था लेकिन अब वह 85 देशों को निर्यात कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है और इसी महीने लद्दाख के हानले में एशिया के सबसे बड़े इमेजिंग टेलीस्कोप एम.ए.सी.ई का उद्घाटन किया गया है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में खरीददारी करते समय वोकल

फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों-सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। श्री मोदी ने कहा कि इन दोनों महान आत्माओं को कठिन चुनौतियों को सामना करना पड़ा लेकिन फिर भी उन्होंने देश की एकता के स्वप्न को नहीं छोड़ा।

****